# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद, पीलीभीत।

## (विधिक सेवा अधिनियम 1987 के अन्तर्गत गठित)

विज्ञप्ति

पराविधिक स्वंय रोवको के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

**यह किसी सरकारी पद पर नियुक्ति नही है।**

**कौन आवेदन दे सकते हैः—**

01— ऐसे व्यक्ति महिला/पुरुष जो बिना किसी आर्थिक लाभ के समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गो के उत्थान में रुचि रखते है। तथा उनके लिए कार्य करना चाहते है। उनमें सेवा निवृत्त शिक्षक सहित, सेवा निवृत्त सरकारी सेवक, वरिष्ठ नागरिक, आंगनवांड़ी कार्यकर्ता, डाक्टर, छात्र गैर सरकारी संगठन एवं क्लव के सदस्य, स्वंय सेवा समूह, मैत्री समूह जीविका, आदि के सदस्य एवं अन्य व्यक्ति जो स्वंय सेवा में रुचि रखता हो अधिवक्ता को छोड़कर आवेदन दे सकते है।

02—यह भी सूचित किया जाता है कि जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पीलीभीत के परविधिक स्वंय सेवक है जिनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है वे भी अपना आवेदन दे सकते है।

**परविधिक स्वंय सेवक के कार्यः—** परविधिक स्वंय सेवको को अपने क्षेत्र में विधिक जागरुकता, विधिक सहायता के लिए पीड़ितो एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बीच सेतु का कार्य, प्राधिकार के प्रबंध कार्यालय एव विधिक सहायता केन्द्र में विधिक सेवा का कार्य या अन्य कोई कार्य जो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सौंपे जायेंगे।

चूंकि परविधिक स्वंय सेवको से गांवो या गांवो के समूह में कार्य लेना है। जिले के सभी क्षेत्रों से पराविधिक स्वयं सेवको का चयन क्षेत्रीय आधार पर जिला मुख्यालय एवं समस्त तहसील पर कार्य करने हेतु किया जायेगा।

**आरक्षणः—** क्योंकि पराविधिक स्वयं सेवक को स्वेचछा से बिना किसी लाभ के कार्य करना है तथा यह कोई सरकारी पद नही है। अतः पदो का आरक्षण नही है। परन्तु स्कीम के अनुरुप सभी वर्गो को प्रतिनिधित्व दिया जायेंगा।

आवेदक आवेदन प्रपत्र में अपनी शैक्षिणिक एवं अन्य योग्यताओं का प्रमाण पत्र लगाकर आवेदन के साथ पंजीकृत डाक टिकट लगाकर अपना पता लिफाफा अद्योहस्ताक्षरी को **दिनांक 07.01.2026 को सांय 05:00** बजे तक किसी भी कार्य दिवस में आवेदन कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पीलीभीत में जमा कर सकते है।

साक्षात्कार की तिथि और समय की सूचना कार्यालय के सूचना पट पर एवं जनपद न्यायालय की वेवसाइट http://pilibhit.dcourts.gov.in/ पर दी जायेगी। मानदेय रुपयें—750—/प्रतिदिन परन्तु यह मानदेय केवल उन विशेष दिनो के लिए देय होगा जिस दिन विधिक सेवा प्राधिकरण उनको विशेष कार्य करने हेतु सौंपती है। या अपने क्षेत्र में विधिक जागरुकता शिविरों के आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाता है। एवं यह चयन 01 वर्ष के लिए है। इसके बारे में विस्तृत जानकारी जनपद न्यायालय की बेवसाइट पर देख सकते है।

प्रतिलिपिः—01—माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेवसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु श्रीमान अपर जिला जज/नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स, जनपद न्यायालय, पीलीभीत को उक्त सूचना सादर प्रेषित।

02—श्रीमान प्रभारी अधिकारी नजारत, जनपद न्यायालय, पीलीभीत को इस आशय के साथ प्रेषित है, कि उक्त सूचना को जनपद न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

03—प्रभारी अधिकारी नजारत, जिलाधिकारी पीलीभीत को इस आशय के साथ प्रेषित है, कि उक्त

सूचना कलैक्टेट, पीलीभीत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

04–अध्यक्ष / सचिव, जिला अधिवक्ता संघ पीलीभीत को इस आशय से प्रेषित है, कि उक्त बार संघ, पीलीभीत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।

05–नोटिस बोर्ड, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत में चस्पा की जायें।

07–अमर उजाला, 08–दैनिक जागरण, 09–हिन्दुस्तान, 10–अमृत बिचार, 11–लोक भारती, 12–दैनिक भास्कर, 13–अमर भारती 14–शाहटाइम्स 15–बांसुरी नगरी।

(सुनील कुमार-द्वितीय)
अपर जिला जज /
पूर्णकालिक सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
पीलीभीत।
दिनांक: 01.01.26

अपर जिला जज
पूर्णकालिक सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
जनपद–पीलीभीत

# कार्यालयः— जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद पीलीभीत।

(पराविधिक स्वयं सेवक के लिए आवेदन पत्र)

1. पद का नाम ..............................................................................

| आवेदक अपना नवीनतम् पासपोर्ट साईज फोटो लगायें। |
|---|

2. आवेदक का नाम .........................................................

3. आवेदक के पिता/पति का नाम.............................................

4. जन्म तिथि..................................................................................................................

5. आवेदक का स्थाई पता...........................................................................................

6. आवेदक का वर्तमान पता थाना सहित.......................................................................

7. शैक्षिणिक योग्यता.................................................................................................

8. आवेदक का जाति—सामान्य वर्ग/पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति......................................... का प्रमाण पत्र संलग्न करें।

9. आवेदक की श्रेणी महिला/पुरुष...........................................................................

10. आवेदक किस क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैः— मुख्यालय स्तर/तहसील स्तर....................

11. अनुभव.................................................................................................................

12. आवेदक का मोबाईल नम्बर...................................................................................

13. ई—मेल आईडी.......................................................................................................

14. शैक्षिक अर्हताएं.....................................................................................................

15. क्या आपके विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई आरोप—पत्र प्रस्तुत किया गया है ? ...................................

16. क्या आपको किसी नैतिक अधमता से अन्तर्वलित अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध किया गया है?

17. क्या आपको दिवालिया न्यायनिर्णित किया गया है या विकृतचित का होना घोषित किया गया है ?

18. क्या आपके विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियों में दण्डित किया गया है?

## आवेदक द्वारा घोषणा

मैं.............................................................. एतदद्वारा निवेदन करता/करती हूँ कि मैं घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त प्रस्तुत सूचना मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सत्य है और कुछ भी छिपाया नहीं गया है।

दिनांक.................................

आवेदक के पूर्ण हस्ताक्षर